**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर।**

---------------------------

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 17 | (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि वादरखेड़ा सलेमपुर पतौरा, तहसील-सदर, जनपद-लखनऊ जो कि नगर निगम के अन्तर्गत है के निवासियों को शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 28 नवम्बर, 2024 जो कि विशेष सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| | (ख) यदि हाँ, तो पत्र में इंगित व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास प्रदान करा दिया गया है? | अभी नहीं। |
| | (ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास प्रदान करा दिया जायेगा? | प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के क्रियान्वयन हेतु शासनादेश संख्या-180/69-1-2025/14(55)/2024 दिनांक 23.01.2025 को निर्गत किया गया है। उक्त योजना के अन्तर्गत यूनिफाईड वेब पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर सत्यापन हेतु समिति गठित है।<br>आवेदक राम विलास पुत्र श्री महावीर निवासी वादरखेड़ा सलेमपुर पतौरा, तहसील-सदर, जनपद-लखनऊ के आवेदन पत्र पर समिति द्वारा पात्रता की जांच होने के उपरान्त नियमानुसार अवश्यक कार्यवाही की जायेगी। |

**ए. के. शर्मा**
मंत्री,
नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।